हिंदी सारांश टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट

10-11 फरवरी 2022

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रगति पाने एवं हिंदी के प्रति कर्मचारियों की रूची बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 10-11 फरवरी 2022 को दो दिवसीय सारांश हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ.ए.सी.सूर्य प्रभा, वैज्ञानिक-डी एवं अध्यक्ष (रा.का.स) ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के विभिन्न विभागों से करीब 15 कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण हेतु नामांकन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन प्रतिदिन 2 सत्रों में किया गया जिसमें श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवादक ने सभी को सारांश साफ्टवेयर के माध्यम से हिन्दी टंकण करने की विधि को विस्तार से समझाया। फिर सभी कर्मचारियों ने कम्प्यूटर पर हिंदी में टंकण करने का प्रयास किया।